卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 47 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦23 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## महाराष्ट्र में एनडीए की प्रचण्ड जीत

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। महाराष्ट्र चुनाव के रुझानों में एनडीए को तीन चौथाई यानी बंपर बहुमत मिल गया है। दोपहर तक के रूझानों में एनडीए रुझानों में 200 से अधिक सीटों पर और एमवीए गठबंधन 68 सीटों पर आगे चल रहा है। वहीं झारखंड में इंडिया गठबंधन को बहुमत मिल गया है। इंडिया गठबंधन 49 और एनडीए 31 सीटों पर आगे चल रहा है। महाराष्ट्र में बीजेपी अपने दम पर सबसे ज्यादा सीटों पर आगे चल रही है। इन रुझानों के नतीजों में बदलने के बाद कह सकते हैं कि देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के नए सीएम बनेंगे। यूपी की बात करें तो वहां भी बड़ा खेला हो गया है। 9 में से 6 सीटों पर बीजेपी और सहयोगी दल आगे चल रहे हैं। समाजवादी पार्टी तीन सीटों पर आगे चल रही है। पंजाब की चार में से 3 सीटों पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक सीट पर आगे चल रही है। वायनाड सीट पर प्रियंका गांधी आगे चल रही हैं।इस बीच चुनावी नतीजों के बाद सबसे बड़ा सवाल अब ये है कि महाराष्ट्र की सत्ता कौन संभालेगा। क्या एकनाथ शिंदे ही सीएम बनेंगे या देवेंद्र फडणवीस के सिर ये ताज सजेगा। सीएम की रेस में देवेंद्र फडणवीस का पलड़ा भारी दिख रहा है। दरअसल, महाराष्ट्र में भाजपा 145 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और वो 127 सीटों पर आगे चल रही है। भाजपा का जीत का स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा है। वहीं, एकनाथ शिंदे की शिवसेना 81 सीटों पर लड़कर 53 सीटों पर आगे चल रही है। जीत के अंतर को देखते हुए फडणवीस का पलड़ा भारी दिख रहा है, क्योंकि वो भाजपा के सबसे बड़े चेहरे हैं। भाजपा ने पिछली बार फडणवीस को डिप्टी सीएम बनाकर चौंकाया था, हालांकि देवेंद्र खुद सरकार में शामिल नहीं होना चाहते थे, लेकिन आलाकमान के दबाव के बाद उन्होंने अपना फैसला पलटा था। वहीं, एकनाथ शिंदे को भी सीएम बनने की रेस में पीछे नहीं माना जा सकता है। दरअसल, शिंदे ने ऐसे समय में भाजपा का साथ दिया था, जब उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत थी। शिंदे ने शिवसेना को तोड़कर उद्धव ठाकरे को सबसे बड़ा झटका दिया था। इसी कारण भाजपा उन्हें इनाम दे सकती है। वहीं, महायुति की एकता को बनाए रखने के लिए भी भाजपा शिंदे को ही दौबारा सीएम बना सकती है। भाजपा नहीं चाहती कि कोई बगावत करे। महाराष्ट्र में बड़ी जीत की ओर बढ़ रही महायुति को लेकर फडणवीस का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि ये उम्मीद से बड़ी जीत है। हम अब मिलकर अगले सीएम का फैसला करेंगे। वहीं, देवेंद्र फडणवीस के करीबी नेता प्रवीन दरेकर ने कहा है कि अगले मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ सात पर)



## केदारनाथ में फिर खिला कमल

देहरादून (उद संवाददाता)। केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने पांच हजार से अधिक मतों से जीत दर्ज की है। आशा नौटियाल की जीत से भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गयी। परिणाम घोषित होने के बाद कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया और मिठाईयां बांटकर खुशी का इजहार किया। मुख्यमत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस जीत को झूठी राजनीति और भ्रामक प्रचार के खिलाफ जनता के विवेक और सत्य की जीत बताया है। बता दें इस वर्ष नौ जुलाई को केदारनाथ विधानसभा की विधायक शैलारानी रावत के निधन से यह सीट खाली हो गई थी। 20 नवंबर को इस सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। भाजपा ने इस सीट पर आशा नौटियाल को मैदान में उतारा था। जबकि कांग्रेस ने मनोज रावत को चुनाव लड़ाया। कुल छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। भाजपा से आशा नौटियाल और कांग्रेस से मनोज रावत के बीच मुकाबला था। इस सीट पर 57.64 फीसदी मतदान हुआ था। आज सुबह मतगणना शुरू होने के बाद से ही भाजपा प्रत्याशी ने बढ़त बना ली थी। अंतिम चरण की मतगणना होने के बाद भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने 5623 वोटों से जीत दर्ज की। भाजपा को 23814 और कांग्रेस को 18191 वोट मिले। निर्दलीय प्रत्याशी त्रिभुवन (शेष पृष्ठ सात पर)



## पीएम मोदी के भरोसे पर फिर खरे उतरे धामी!

### उपचुनाव में काम आई धामी की कुशल रणनीति

देहरादून। केदारनाथ उपचुनाव में एक बार फिर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री मोदी के भरोसे पर खरे उतरे हैं। भाजपा के लिए यह चुनाव नाक का सवाल बना हुआ था। इस चुनाव में केदारनाथ की जनता ने कांग्रेस के झूठ और भ्रामक राजनीति को नकार दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किए जा रहे कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है। इस उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने नकारात्मक मुद्दों पर फोकस किया था। क्षेत्रवाद से लेकर जातिवाद का दांव खुलकर चला गया। लेकिन मतदाताओं ने तमाम तरह के नकारात्मक प्रचार को सिरे से खारिज करते हुए, केदारनाथ धाम से लेकर पूरे यात्रा मार्ग के लिए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर मुहर लगाने का काम किया है। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस का प्रचार मुख्य रूप से चारधाम यात्रा को कैंचीधाम की ओर मोड़ने, दिल्ली में एक ट्रस्ट की ओर से बनाए जा रहे मंदिर को केदारनाथ धाम से जोड़ने, केदारनाथ मंदिर को दान में मिले सोना पर सवाल उठाने के साथ ही पहाड़ की दो प्रमुख जातियों को आमने सामने रखने पर केंद्रित था। कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय नेताओं ने खुलकर इन नकारात्मक मुद्दों का हवा दी। कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत तो यहां तक कह गए कि यह (शेष पृष्ठ सात पर)



## चलती कार में भड़की आग

हरिद्वार(उद संवाददाता)। धनौरी कलियर के बीच एक चलती कार में अचानक से आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुची कलियर पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। गाड़ी चला रहे चालक को सुरक्षित बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर रात पिरान कलियर निवासी आसिफ कार में सवार होकर धनौरी से कलियर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह धनौरी कलियर के बीच दो सड़कों पर पहुंचा तो अचानक से उसकी कार में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर चेतककर्मी रविन्द्र बालियान टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग की टीम और कलियर पुलिस ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक कार जलकर राख हो गई। (शेष पृष्ठ सात पर)



## मां हंसेश्वरी भारती हुई ब्रह्मलीन, सैकड़ों लोगों ने दी अश्रूपूर्ण श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वर्ग फार्म निवासी श्री वैष्णों देवी मंदिर, वैष्णवी शक्ति पीठ आश्रम, आदर्श कालोनी की महंत महामंडलेश्वर मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज शनिवार प्रातः परमात्मा के चरणों में ब्रह्मलीन हो गई। इसका समाचार मिलते ही नगर में शोक की लहर व्याप्त हो गई और भारी संख्या में श्रद्धालु मां वैष्णों मंदिर आ पहुंचे। लगभग 87 वर्षीय महामंडलेश्वर मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज अपने चार भाईयों हरबंस सिंह, संतोख सिंह, कुलवंत सिंह, करतार सिंह व पांच बहनों हरबंस कौर, मिन्दर कौर, सुरेन्द्र कौर, सरजीत कौर में सबसे छोटी थीं। उन्होंने अपना पूरा जीवन धार्मिक कार्यों में व्यतीत किया। वह समाज सेवा में भी अग्रणी रही। महामंडलेश्वर मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज का पार्थिव शरीर सुसज्जित वाहन में विराजमान कर मां वैष्णों मंदिर से नगर के विभिन्न (शेष पृष्ठ सात पर)







## 'उत्तराखंड' में दी जाएगी पांच लाख 'पेड़ों की बलि'

### सूबे के जंगलों को वनाग्नि के कहर से बचाने के लिए काटे जाएंगे फायर लाइन के पांच लाख पेड,सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व के निर्णय को बदलने के बाद प्रमुख वन संरक्षक ने जारी किए आदेश,वन अधिकारियों ने आरंभ किया फायर लाइन में उगे पेड़ों का छपान कार्य

-अर्श-

उधम सिंह नगर। उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाओं से हर वर्ष करोड़ों की वन संपदा जलकर नष्ट हो जाती है। अब से कुछ समय पहले तक वनाग्नि की घटनाएं सामान्यतया गर्मियों के मौसम में ही हुआ करती थी ,लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सर्दियों में भी उत्तराखंड के जंगल धड़कते देखे गए हैं ।लिहाजा प्रदेश के वन महकमे ने वनाग्नि रोकने की तैयारी इस दफा सर्दियों के आरंभ में ही शुरू कर दी है । सूबे के जंगलों को वनाग्नि के प्रकोप से बचाने के लिए इस बार 1996 के बाद पहली बार जंगलों के बीच बनाई जाने वाली फायर लाइन में उग आए पांच लाख पेड़ों को काटा जाएगा। इसको लेकर वन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं ।ज्ञात हो कि उत्तराखंड का वन महकमा 15 फरवरी से 15 जून तक फायर सीजन मानता है। इस समयावधि के भीतर दावानल की काफी घटनाएं सामने आती हैं। इसलिए सीजन शुरू होने से पहले ही जंगल को आग से बचाने के लिए कई आवश्यक कदम उठाए जाते हैं , जिसमें फायर लाइन की साफ सफाई बेहद अहम है। यहां हम अपने पाठकों की जानकारी के लिए स्पष्ट करना चाहेंगे कि फायर लाइन दो वन प्रभागों के बीच 100 फीट का वह हिस्सा है, जिसे आग फैलने से रोकने के लिए एक वन प्रभाग से दूसरे वन प्रभाग के बीच ,साफ रखा जाता है। जंगलों के बीच फायर लाइन बनाने का सिलसिला अंग्रेजों के जमाने से ही चला आ रहा है और इस संबंध में उत्तराखंड का वन महकमा ब्रिटिश काल के रूल ही फॉलो करता है। जिसके तहत दो वन प्रभागों के बीच 100 फीट की फायर लाइन तो होनी (शेष पृष्ठ सात पर)



आवश्यकता है
श्री वर्धमान किराना मर्चेंट गोल मार्केट रुद्रपुर में स्टाफ कार्य हेतु युवकों एवं युवतियों की
-संपर्क करें-
9837491508
9359927216

# एक माह में सभी घरों को चिन्हित कर पानी की आपूर्ति करें : धामी

## सीएम ने प्रदेश भर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगाए गए नलों के सत्यापन करने के निर्देश दिए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए घरों में नलों के साथ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अगले एक महीने के अंदर ऐसे स्थान जहां पानी न पहुंच रहा हो, वहां पानी की व्यवस्था हेतु डी.पी.आर बनाकार योजना पर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने एक महीने के अंदर प्रदेश भर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगाए गए नलों के सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ऐसे सभी घरों को चन्हित किया जाए जहां किसी भी कारण से नल लगने के बावजूद पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसे स्थानों की जिओ टैगिंग के साथ पानी की आपूर्ति न होने के कारणों को भी स्पष्ट कर शासन को अवगत करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाभार्थियों तक पीने योग्य पानी पहुंचे। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, जिलाअधिकारियों एवं अधिशासी अभियंताओ को भी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों को जल संरक्षण हेतु कराई गई ट्रेनिंग एवं जागरूकता के संबंध में जाँच के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा जांच में ट्रेनिंग करवाने वाली संस्थाओं एवं उन्हें जारी धनराशि की भी जांच की जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष विभिन्न योजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्यमंत्री ने उक्त प्रस्तुतीकरण के दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी पौड़ी जिले की चुनखेत योजना के



कार्य में खराब गुणवत्ता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने चुनखेत योजना की खराब गुणवत्ता पर तत्काल प्रभाव से संबंधित गैर जिम्मेदार अधिकारियों को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित ठेकेदार पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ जिले की वासुकीनाग पंपिंग योजना की खराब गुणवत्ता पर उक्त योजना को श्रमदान घोषित कर योजना के पुनरनिर्माण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा जल जीवन मिशन के अंतर्गत होने वाले सभी कार्यों का विशेष रूप से सत्यापन करवाया जाए। यदि कहीं भी लापरवाही या खराब गुणवत्ता पाई जाती है, तो उसपर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा राज्य में जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर घर जल ग्राम प्रमाणीकरण भी तेजी से किया जाए। शासन से जिला समिति एवं शासन से स्वीकृत हो चुकी योजनाओं को तय समय में धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन में तय मानकों के अनुसार ही कार्य हो। मुख्यमंत्री ने वन भूमि के कारण बाधित कार्यों हेतु अलग से बैठक कर उनके निस्तारण के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा यह सुनिश्चित हो कि राज्य सरकार प्रदेश के हर नागरिक तक शद्ध पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था करें। बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के अतर्गत अबतक कुल 14.05 लाख परिवारों को जल संयोजन से जोड़ा गया है। प्रदेश में हर घर जल ग्राम प्रमाणीकरण के तहत अब तक कुल 6795 ग्रामों को प्रमाणित किया जा चुका है। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि बैठक के पहले अधिकारी पूरा होमवर्क करके आए। विभागाध्यक्ष हर प्रकार के आकड़े अपने पास रखें। मुख्यमंत्री ने कहा विभाग से संबंधित हर प्रकार के आंकड़े, विश्लेषण अधिकारियों के पास होने चाहिए। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना परिषद श्री विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, विभागीय सचिव श्री शैलेश बगौली , गढ़वाल कमिश्नर श्री विनय शंकर पांडे, महानिदेशक यूकास्ट प्रो. दुर्गेश पंत, अपर सचिव श्री रणवीर सिंह चौहान, विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी ( वर्चुअल) व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 2026 के अंत तक ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक दौड़ने लग जायेगी ट्रेन : अजीत यादव

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। रेल विकास निगम लि. (आरवीएनएल) के अधिकारियों का दावा है कि वर्ष 2026 के अंत तक ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन पर ट्रेन दौड़ने लगेगी। रेलवे लाइन पर दो बड़े पुलों का निर्माण कार्य अगले वर्ष अगस्त तक पूर्ण कर लिया जाएगा। पूरी परियोजना में 19 पुल हैं, जिनमें से पांच बन कर तैयार हो चुके हैं। वहीं सुरंगों की खोदाई का कार्य 86 फीसदी पूर्ण हो चुका है। शुक्रवार को आरवीएनएल के मुख्य परियोजना प्रबंधक अजीत यादव ने कार्यालय परिसर में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि मुख्य टनलों की कुल लंबाई 104 किमी है, जिसमें से 85 किमी खोदाई कार्य पूर्ण हो चुका है। सहायक टनलों सहित कुल लंबाई 213 किमी है, जिसमें से 184 किमी की खोदाई हो चुकी है। सुरंगों के कुल 46 ब्रेक थ्रू (आर-पार) होने थे, जिसमें 28 हो चुके हैं। 10 ब्रेक थ्रू अगले वर्ष मार्च तक और हो जाएंगे। दिसंबर 2025 तक शेष ब्रेक थ्रू भी कर



लिए जाएंगे। यादव ने कहा कि दो बड़े पुलों के निर्माण में समय लग रहा है। देवप्रयाग-सौड़ में 125 मीटर स्पान का पुल बन रहा है। इस पुल की लॉन्चिंग जनवरी माह में कर दी जाएगी। वहीं गौचर में भी 80 मीटर स्पान का पुल निर्माण हो रहा है। इन दोनों पुलों का निर्माण अगस्त माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। पूरी परियोजना में 19 बड़े पुल हैं। जिनमें से ढालवाला, शिवपुरी, गूलर, लक्ष्मोली, श्रीनगर बन कर तैयार हो चुके हैं। पुलों का निर्माण कार्य भी करीब 70 फीसदी पूर्ण हो चुका है। सुरंगों के अंदर बिना गिट्टी वाला ट्रैक बनेगा। सीपीएम यादव ने बताया कि इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। ट्रैक का डिजाइन दिसंबर माह तक तैयार कर लिया जाएगा। अगले वर्ष जनवरी माह से ट्रैक का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जबकि सुरंग के बाहर वाले क्षेत्र में गिट्टी वाला ट्रैक ही बनेगा। रेलवे विकास निगम के समक्ष टनल संख्या पांच (कोडिघ्याला से पंतगांव) की खोदाई निर्धारित समय पर करना एक बड़ी चुनौती है। साकनी धार क्षेत्र में एडिट न मिलने के कारण इस सुरंग की खोदाई सिर्फ दो छोरों से ही की जा रही है। जिससे यहां कार्य की गति काफी धीमी है। वहीं सुरंग की खोदाई धरातल से करीब एक किमी से अधिक नीचे की जा रही है। जिससे यहां मलबे का दबाव अधिक है। इसलिए पूरे एहतियात के साथ धीरे-धीरे खोदाई की जा रही है।

# उत्तरकाशी में सभी धार्मिक स्थलों में कानून व्यवस्था बनाएं : हाईकोर्ट

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी के भटवाड़ी रोड स्थित मस्जिद विवाद मामले में मस्जिद की सुरक्षा को लेकर दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। कोर्ट ने उत्तरकाशी के डीएम और एसएसपी को वहां स्थित सभी धार्मिक स्थलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने डीजीपी को 27 नवंबर तक स्थिति से अवगत कराने के लिए कहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। उत्तरकाशी की अल्पसंख्यक सेवा समिति ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि बीते 24 सितंबर से कुछ संगठन भटवाड़ी रोड स्थित सुन्नी सुमदाय की मस्जिद को अवैध बताकर उसे ध्वस्त करने की धमकी दे रहे हैं। इस वजह से वहां दोनों समुदासों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। याचिका में मस्जिद की सुरक्षा करने के आदेश राज्य सरकार को दिए जाने की गुहार लगाई गई है। इसमें कहा गया कि मस्जिद वैध है जो 1969 में जमीन खरीद कर बनाई गई। 1986 में वक्फ कमिश्नर ने भी इसका निरीक्षण किया और मस्जिद वैध पाई गई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि इस तरीके के भड़काऊ बयान देना सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को आदेश दिए हैं कि अगर किसी जाति, धर्म या समुदाय के लिए भड़काऊ बयान का सहारा लिया जाता है तो राज्य सरकारें सीधे मुकदमा दर्ज करें लेकिन उत्तराखंड सरकार ने अभी तक इस मामले में किसी के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

# भाजपा प्रत्याशी की जीत पर मिष्ठान वितरित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। केदारनाथ सीट से हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा नेता सुरेश गौरी व तरुण पंत की अगुवाई में भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया। वरिष्ठ भाजपा नेता गौरी ने कहा कि केदारनाथ सीट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लगातार जन संपर्क कर भाजपा की विचारधारा को उनके समक्ष रखा। जिसके तहत वहां के मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में ऐतिहासिक मतदान किया और भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि सीएम धामी के नेतृत्व में पूरे राज्य का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है और भाजपा की जीत कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने वाली जीत है। उन्होंने कहा इसके अलावा महाराष्ट्र में भी भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है और पूर्ण बहुमत के साथ गठबंधन की सरकार बनाई है। पूरे देश में भाजपा की प्रचंड लहर चल रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊंचाइयां छू रहा है। यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के



उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी हुए उप चुनाव में भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की है और विपक्षियों के मंसूबे धराशाई कर दिए हैं। श्री गौरी ने कहा कि सर्वांगीण विकास को लेकर कटिबद्ध हैं। उन्होंने भाजपा की जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। इस दौरान भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गदरपुर में कांग्रेसियों ने अडानी का पुतला फूंका

गदरपुर(उद संवाददाता)। अडानी ग्रुप पर यू एस की कोर्ट में लगे जुर्माने और जारी हुए वारंट पर अब देश भर में बवाल शुरू हो गया है । गदरपुर में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह राजू के नेतृत्व में हजारीलाल पेट्रोल पंप के पास अडानी ग्रुप का पुतला फूंका गया। राजेंद्र पाल सिंह राजू ने कहा विदेश में भी अडानी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार अडानी की जांच करने में डर रही है। राजू ने कहा मामले की जांच की जाए और इसे पब्लिक डोमेन के सामने रखा जाए। राजू ने कहा सेबी की प्रमुख का निवेश अडानी ग्रुप में है, जो एक जांच का विषय है। राजू ने ये भी आरोप लगाया कि इंडोनेशिया से लाए गए कोयले की कीमत भारत पहुंचते ही 50 % तक बढ़ गई है। इन सब मामलों की अगर जांच की जाए तो



कई और मुद्दे खुलकर सामने आएंगे। इस दौरान इबले हसन,नसीम अहमद,शैलेंद्र शर्मा, मुकेश भगत (मिक्की), शराफत अली मंसूरी, गुरविंदर सिंह, राजेश बाबा, सरबजीत संधू, ताहिर अली,सरफराज अहमद, साहिल गुंबर, शिवम पपनेजा, जावेद सैफी, राजू डुमरा, सुनील कुमार, अनस पाशा,सदाब आलम, विजय कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में पिफल्मों की शूटिंग के लिए प्रोत्साहित कर रही सरकार

देहरादून(उद संवाददाता)। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के 55वें संस्करण में उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद द्वारा गोवा स्थित फिल्म बाजार में प्रतिभाग किया गया है। इसी कड़ी में आज नॉलेज सीरीज में उत्तराखण्ड राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई नई फिल्म नीति 2024 पर चर्चा की गई। नॉलेज सीरीज का शीर्षक बिल्डिंग फिल्म फ्रेंडली उत्तराखण्ड -इनिशिएटिव्स- इंसेंटिव्स एंड द रोल ऑफ स्टेकहोल्डर्स था। चर्चा के दौरान मंच पर उपस्थित फिल्म अभिनेता एवं निर्देशक अनंत महादेवन नारायण ने कहा कि उत्तराखण्ड में सरल शूटिंग प्रक्रिया है, जिसकी सराहना की जानी चाहिए। श्री अनंत महादेवन ने उत्तराखण्ड में अपनी फिल्म की शूटिंग अनुमति से लेकर शूटिंग कम्पलीट होने तक के अपने अनुभव को साझा किया और स्थानीय लोगों द्वारा की गई हर प्रकार की सहायता की प्रशंसा की गई। अभिनेता अमित सियाल ने उत्तराखण्ड के खुर्पाताल, नैनीताल जनपद में शूट हुई अपनी फिल्म "तिकड़म" के दौरान हुए अनुभवों को बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य और वहां के लोगों का आत्मीय स्वभाव हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा कि जब भी मौका मिलेगा वे दोबारा उत्तराखण्ड में शूट करना चाहेंगे। उन्होंने नई फिल्म नीति की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि फिल्म नीति काफी आकर्षक है, अन्य फिल्म निर्माता और निर्देशकों को भी उत्तराखण्ड में शूटिंग के लिए आना चाहिए। अभिनेत्री श्रुति



पवाँर ने देहरादून में अपने पहले शूटिंग अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज राज्य सरकार फिल्म नीति के माध्यम से राज्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिल्मों को हर प्रकार से प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी की सराहना की कि उनके द्वारा फिल्म जगत को लेकर सकारात्मक प्रयास करते हुए नई फिल्म नीति लागू की गई है। उन्होंने "उत्तराखण्ड फिल्म नीति 2024" को भविष्य की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ऑस्ट्रेलिया से आये फिल्म निर्माता अनुपम शर्मा ने कहा कि उनके द्वारा भारतीय मूल के ऑस्ट्रेलिया निवासी प्रसिद्ध कंट्री सिंगर बॉबी कैश पर बायोपिक फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। इस फिल्म की आधी शूटिंग आस्ट्रेलिया और आधी शूटिंग उत्तराखण्ड में होगी। इससे उत्तराखण्ड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय द्वारा उत्तराखण्ड फिल्म नीति 2024 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। स्थानीय स्तर पर फिल्मों से जुड़े रोजगार सृजन को ध्यान में रख कर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में फिल्म निर्माता एवं निर्देशक शालिनी शाह, अभिनेता एवं वरिष्ठ पत्रकार सतीश शर्मा, ओम प्रकाश भट्ट, एन.एफ.डी.सी. के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं फिल्म बाजार में प्रतिभाग करने वाले अन्य राज्यों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# हुकुम अध्यक्ष, कमल मंत्री व तरूण कोषाध्यक्ष निर्वाचित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराचंल स्टेट प्राईमरी टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई के लिए हुए चुनाव में मतगणना के पश्चात अध्यक्ष पद पर हुकुम सिंह नयाल निर्वाचित घोषित किये गये। उन्हें 245 व उनकी प्रतिद्वद्वी सोनी यादव को 117 मत हासिल हुए। मंत्री के एक पद के लिए हुए चुनाव में कमल भाटिया को 148 मीना जोशी को 93 व नवीन चन्द्र पाण्डेय को 136 मत हासिल हुए। चार वोट निरस्त घोषित किये गये। कोषाध्यक्ष के पद के लिए तरण कालरा को 254 व निमिषा को 113 मत मिले, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मो. आरिफ को 176, बाबू मजूमदार को 81 व हरपाल सिंह को 109 मत मिले, लेखाकार के एक पद के लिए नीरज भारद्वाज को 247 व राजेन्द्र प्रसाद को114 मत मिले। दस मत निरस्त किये गये। उप मंत्री के दो पदों के लिए अभिषेक चौहान को अर्चना रानी को 203 व तपनशील को 233 मत मिले, उपाध्यक्ष सामान्य के चार पदों के लिए गायत्री पांडेय को 172, सुमन दुम्का को 154, जीवन सिंह नेगी को



255, मिगलानी को 171 मत हासिल हुए। सामान्य संगठन मंत्री के तीन पदों के लिए शिखा गंगवार को 218, पंकज पांण्डेय को 189, अभय चौहान को 174 मत मिले। परिणाम घोषित होते ही विजयी पदाधिकारियों व उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और वह ढ़ोल नगाढ़ों की थाप पर नाचने लगे। परिणाम घोषित होने के बाद सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। चुनाव में कुल 387 शिक्षक मतदाताओं में 366 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। चुनाव में महिलाओं के लिए आरक्षित चार पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर शालिनी शर्मा, संयुक्त मंत्री पद पर आशा राणा, संगठन मंत्री पद पर कुसुम पाल तथा प्रचार मंत्री पद पर सुमन चौहान, मीनाक्षी पाठक निर्वाचित घोषित की गईं। इसके अलावा प्रचार मंत्री पद पर रोशन लाल, उमेश बुवारी भी निर्विरोध चुने गये। कुल 21 पदों में से सात प्रत्याक्षी निर्विरोध चुने गये। चुनाव पर्यवेक्षक अजय राज सैनी, पंकज कुमार, राजीव कुमार शर्मा व अश्वनी कुमार की देख रेखा में चुनाव सम्पन्न हुआ।

# चुनावी जीत पर भाजपा नेता दीपक बाली ने जतायी खुशी

काशीपुर(उद संवाददाता)। भाजपा नेता दीपक बाली ने केदारनाथ उपचुनाव में पार्टी को मिली शानदार चुनावी जीत पर प्रसन्नता जताई है और इसे केंद्रीय नेतृत्व व प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विकास की नीतियों और राष्ट्रवाद व सनातन की प्रचंड जीत बताया है। श्री बाली ने महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन को मिली प्रचंड चुनावी जीत के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में मिली शानदार सफलता को प्रधानमंत्री मोदी के विकास के संकल्प की जीत बताया है।भाजपा नेता दीपक बाली ने कहा है कि देश में हुए उपचुनाव तथा महाराष्ट्र में हुए आम चुनाव में भाजपा गठबंधन को मिली शानदार जीत इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के नवनिर्माण के लिए, लिए गए विकास के संकल्प में पूरी तरह



विश्वास रखती है। उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में भी भाजपा को शानदार जीत मिलना दर्शाता है कि केंद्र सरकार के साथ मिलकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास की किरणों को जिस तरह से जनता तक पहुंचाया है उससे उत्तर प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ी है। श्री बाली ने कहा कि केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा को मिली जीत से सिद्ध हो गया है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग के चलते प्रदेश को विकास के जिस मार्ग पर अग्रसर किया है उससे केदारनाथ की जनता भी पूरी तरह धामी सरकार द्वारा किये जा रहे विकास से संतुष्ट है और उसने पुन: भाजपा को यह सीट सोंप दी है।

# बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हल्द्वानी (उद संवाददता)।तीन दिवसीय अर्न्तविद्यालयी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के तहत दूसरे दिन 10 मैच खेले गए। पहला मैच बालिका वर्ग में नैनी वैली व इंस्पिरेशन स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें इंस्पिरेशन ने नैनीवैली को 13-07 से हराया, दूसरे मैच में यूनिवर्सल व गुरूकुल के बीच हुआ जिसमें यूनिवर्सल ने गुरूकुल को 25-11 से हराया। तीसरा मैच निर्मला व डी0पी0एस0 स्कूल के बीच खेला गया जिसमें डी0पी0एस0 ने निर्मला स्कूल को 26-24 से हराया। चौथा मैच एस0के0एम0 व शेमफोर्ड स्कूल के बीच खेला गया जिसमें एस0के0एम0 ने शेमफोर्ड स्कूल को 18-05 से हराया। बालक वर्ग में पहला मैच बी0एल0एम0 व यूनिवर्सल स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें यूनिवर्सल ने बी0एल0एम0 को 29-17 से हराया। दूसरा मैच ऑरम व नैनीवैली स्कूल के बीच खेला गया जिसमें ऑरम ने नैनीवैली को 22-16



से हराया। तीसरा मैच सेक्रेट हार्ट व डी0पी0एस0 स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें डी0पी0एस0 ने सेक्रेड हार्ट को 29-15 से हराया। चौथा मैच आर्डन प्रोगेसिव व निर्मला स्कूल के बीच खेला गया जिसमें निर्मला ने आर्डन प्रोगेसिव को 28-14 से हराया। पाँचवा मैच इंस्पिरेशन व निर्मला के बीच खेला गया जिसमें इंस्पिरेशन ने निर्मला को 28-07 से हराया। छठा मैच सेन्ट थ्रेरेसा व डी0पी0एस के बीच खेला गया जिसमें सेन्ट थ्रेरेसा ने डी0पी0एस0 को 46-32 से हराया।बालक बालिकाओं के दोनों वर्गों ने अपनी टीमों को जीताने का अथक प्रयत्न किया। निर्णायक मण्डल में अंकुश रौतेला, नीरज जोशी, मृणालिनी त्रिपाठी, अनुभा रावत, सावन मल्होत्रा, अंकित पाण्डे, सुमित यादव, गोविन्द परिहार आदि रहे। इस मौके पर खेल प्रशिक्षक सुमित दास, विद्या सागर, तुषार, आशीष लाल, भी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा जोशी, मनमोहन जोशी, स्मिता पंत, निशा काण्डपाल, प्रेरणा जोशी, भावना भट्ट, रोबिन आर्य, जीवन जोशी, शिक्षा सोलोमन, रश्मि भट्ट, रिंकी बिष्ट, रीता राठौर, सुनीता मियान, रीतिका बोरा, संजय गोस्वामी, एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# राष्ट्रपति से की इच्छा मृत्यु की मांग

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्द्र राय ने राष्ट्रपति के नाम पत्र लिखकर कहा है कि कि बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाये या उन्हें इच्छा मृत्यु का आदेश दिया जाये। राष्ट्रपति को भेजे पत्र में बंगाली कल्याण समिति के आंचलिक अध्यक्ष रामचंद्र राय ने कहा कि भारत वर्ष के अन्य प्रदेशों में बंगाली समाज की उपजातियां को जिस प्रकार से अनुसूचित जाति का लाभ दिया जा रहा है, उसी प्रकार से उत्तराखंड में निवासरत बंगाली समाज को भी अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाए। पत्र में कहा कि इस संबंध में कई बार संबंधित विभागों में इस आशय ज्ञापन एवं पत्र, बंगाली समाज के द्वारा दिया गया, परंतु समाज की इस ज्वलंत समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है।



पत्र में कहा कि उधम सिंह नगर जिले में बंगाली समाज के लाखों लोग निवासरत है। किसी भी जाति के लिए उसकी मातृभाषा अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं बंगाली बाहुल्य क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 1 से 12वीं तक अनिवार्य शिक्षा के तौर पर बांग्ला भाषा पढ़ाया जाए, ताकि बंगाली समाज की साहित्य, संस्कृत, भाषा को बचाया जा सके। पत्र में कहा कि देश की आजादी में बंगाली समाज का बलिदान अतुलनीय रहा। अत: बंगाली समाज की इन दोनों ज्वलंत समस्या का अति शीघ्र समाधान कर बंगाली समाज को न्याय दिलाया जाए।

# शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद्र ने की एनडीडीए के विकास कार्यों की समीक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश के शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने देहरादून विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में नैनीताल जिला विकास प्राधिकरण के विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने नैनीताल जिला विकास प्राधिकरण के अधि कारियों के साथ क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि आवास विकास विभाग द्वारा दो प्रकार के नक्शों की स्वीकृति प्रदान की जाती है। जिसमें आवासीय भवनों हेतु 15 दिन तथा व्यावसायिक भवनों के नक्शों को 01 माह के अन्दर स्वीकृति प्रदान की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नक्शों पर एक ही बार में आपत्तियां लगाई जाएं तथा उपभोक्ताओं को किसी भी तरह से अनावश्यक परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि मानचित्र की स्वीकृति हेतु विभिन्न विभागों से एनओसी प्राप्त करने में लगने वाली समयावधि हेतु संबंधित विभागों से चर्चा की जायेगी ताकि ससमय एनओसी प्राप्त करने में जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डा. अग्रवाल ने कहा कि नैनीताल जिला विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आधारभूत संरचना के माध्यम से स्थानीय जनता के लिए लगभग 17 करोड़ रूपये के विकास कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी शहर के अन्तर्गत 22 पार्कों के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। जिसमें से पहले फेज में 8 पार्कों के जीर्णोद्धार हेतु डीपीआर प्रस्तावित है। आवास मंत्री ने कहा कि नैनीताल जिला विकास प्राधिकरण के अंतर्गत जनता की सुविधा हेतु के लगभग 12 पार्किंग स्थल बनाये रहे हैं। जिसमें से कुछ पार्किंग स्थलों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। जबकि शेष पार्किंग स्थलों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा के साथ एक रेस्टोरेन्ट का निर्माण कार्य, सिंधी चौक के समीप लगभग 22 लाख रूपये की लागत से लगभग 26 वाहनों की क्षमता के पार्किंग स्थल का लगभग 70 वाहनों की क्षमता वाले पार्किंग स्थल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष पार्किंग स्थलों के निर्माण कार्य गतिमान हैं। मंत्री ने कहा कि



कि हल्द्वानी में ठण्डी सड़क के समीप लगभग 4 करोड़ 13 लाख रूपये की लागत से पार्किंग का निर्माण कार्य, गरमपानी के समीप लगभग 2 करोड़ 51 लाख रूपये की लागत से लगभग 70 वाहनों की क्षमता के पार्किंग स्थल निर्माण कार्य, कलेक्ट्रेट, नैनीताल के समीप लगभग 12 करोड़ 69 लाख रूपये की लागत से लगभग 192 वाहनों की क्षमता के पार्किंग स्थल का निर्माण कार्य तथा सातताल के समीप लगभग 2 करोड़ रूपये की लागत से नैनीताल में सैलानियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला विकास प्राधि करण नये पार्किंग स्थलों के निर्माण पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी के अंतर्गत आवासीय प्रोजेक्ट के कार्य भी किये जाएं इसके लिए भूमि की उपलब्धता पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि नैनीताल जिला विकास प्राधिकरण के अंतर्गत नियोजित विकास हो एवं सभी लोग नक्शे पास कराएं। मंत्री ने कहा कि विकास प्राधिकरणों का मकसद यही है कि संबंधित क्षेत्र में नियोजित विकास हो सके ताकि जनता को दीर्घकालिक समयावधि तक परेशानी का सामना न करना पड़े।शहरी विकास मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राधिकरण के तहत चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाए जिससे जनता को समय पर सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके।इस अवसर पर सचिव, एनडीडीए, विजय नाथ शुक्ल, मुख्य वित्त अधिकारी, एनडीडीए, ऋचांशु शर्मा तथा अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# अर्जुन कश्यप समेत दो के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर पट्टी कला घोसीपुरा थाना स्वार जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी एहसान अली पुत्र कादम हुसैन ने बताया कि पिछले दिनों ग्राम सीतापुर खरमासी काशीपुर निवासी अर्जुन कश्यप पुत्र ओमप्रकाश कश्यप तथा सैनिक कॉलोनी जसपुर खुर्द थाना आईटीआई निवासी गुरजीत सिंह उर्फ राजा पुत्र बेअंत सिंह ने ग्राम नूरपुर स्थित खेत में आपस में एक राय होकर मामूली बात पर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जब उसने मारपीट का विरोध किया तो उपरोक्त दोनों आरोपियोंद्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।






# जनसंवाद शिविर में डीएम ने सुनी वार्डवासियों की समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी वंदना सिंह द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत डीएवी स्कूल कमलुवागांजा में जन संवाद एवं जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन कर स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना तथा प्राप्त शिकायतों को एक निश्चित समय सीमा अंतर्गत समाधान करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर समस्या को जानें लोगों से जानकारी भी प्राप्त करते हुए एक निर्धारित समय पर उन समस्या व शिकायतों का समाधान करें तथा पुन: मौके पर जाकर निरीक्षण भी करें। नगर निगम से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न विभागों की अलग अलग टीम बनेगी जो वार्डों में जाकर उन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु कार्य करेगी। स्थानीय लोगों के आपसी विवाद के कारण जिन विकास कार्यों को संपन्न कराने में समस्या आ रही हो, तत्काल उपजिलाधिकारी व संबंधित विभाग क्षेत्र में जाकर स्थानीय लोगों से मिलकर आपसी राय मशवरे से समस्याओं का समाधान कर कार्यों को सपन्न कर आम जनता को सुविधा प्रदान करें। नगर क्षेत्रान्तर्गत सीवर लाईन व पेयजल लाईन निर्माण हेतु खोदी गई सड़क को जब तक स्थाई रूप से ठीक नहीं हो जाती है तब तक तत्काल खोदी गई सड़क को अस्थाई रूप से उसे ठीक करें तथा सड़क को समतल करें, उपजिलाधिकारी स्वयं भी निरीक्षण करेंगे। आबादी वाले क्षेत्रों में प्रदूषण फैलाने वाले





व बड़े व्यसायिक प्रतिष्ठानों जिनके कारण स्थानीय जनता को दिक्कत हो ऐसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, नगर निगम तथा प्रदूषण बोर्ड निरीक्षण कर चालान आदि की कार्यवाही करें। सभी वार्डों में जाकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व नगर निगम की टीम जाकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ ही जिन क्षेत्रों में सफाई नहीं पाई जाती है संबंधित कार्मिक को तत्काल हटाया जाय, साथ ही मच्छरों को भगाने हेतु नियमित दवा आदि का छिड़काव भी किया जाय। अच्छे कार्य करने वाले पर्यावरण मित्र व कार्मिकों को पुरस्कृत किया जाएगा। क्षेत्र में जहॉ जहॉ नई स्ट्रीट लाईट स्वीकृत हुई हैं उन्हें तत्काल लगाने के साथ ही खराब स्ट्रीट लाईटों को नगर निगम तत्काल ठीक कराएं। नहर एवं गूलों के किनारे अतिक्रमण जिसके कारण स्थानीय लोगों को असुविधा हो रही है ऐसे अतिक्रमण को चिह्नित करते हुए तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने के साथ ही अतिक्रमण को हटाया जाय। आरटीओ रोड एवं गैस गोदाम लिंक रोड में 10 दिन के भीतर हॉटमिक्स का कार्य लोक निर्माण विभाग करे।ऊँचापुल क्षेत्र में जिन लोगों द्वारा नहर में सीवर लाईन का पानी डाला जा रहा है ऐसे लोगों का तत्काल चालान कर नहर की सफाई की जाय। विद्युत विभाग जहॉं जहॉ विद्युत पोल लगने हैं एक निश्चित अवधि में उन्हें लगाकर उपभोक्ताओं को विद्युत संयोजन प्रदान करे। शिविर में कुल 146 समस्याएं लोगों द्वारा दर्ज कराई गई जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा गंभीरता पूर्वक सुना। इनमें मुख्य शिकायतें एडीबी परियोजना अंतर्गत सीवरेज व पेयजल लाईन निर्माण कार्य के कारण खुदी सड़कों को ठीक करने, भूमि संबंधित, स्ट्रीट लाईट लगाए जाने एवं खराब स्ट्रीट लाईट को ठीक किए जाने, विद्युत पोल लगाए जाने व विद्युत संयोजन दिलाने, विद्युत तारों में आए पेड़ों की लौपिंग करने, सड़कों में घूम रहे आवारा गौ वंशीय पशुओं से निजात दिलाने, सड़कों को गढ्ढामुक्त किए जाने, सिंचाई नहरों से अतिक्रमण हटाने व उनकी नियमित सफाई करने, सड़क व मार्गों में हो रहे जल भराव की समस्या दूर करने के अतिरिक्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।जिलाधिकारी ने सभी जन समस्याओं के समाधान हेतु एक अवधि निर्धारित करते हुए संबंधित विभागों को उक्त समयावधि में समस्या के समाधान हेतु निर्देश दिए गए। जनसंवाद कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य,उद्यान, समाज कल्याण, विद्युत, जल संस्थान, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, ग्राम्य विकास विभाग, नगर निगम आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभाग के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 50 तथा आयुर्वेदिक विभाग द्वारा 40 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवा वितरित की गई। खाद्य विभाग द्वारा 1 अन्त्योदय कार्ड बनाया गया। उद्यान विभाग द्वारा 15 कृषकों की बीज व दवा उपलब्ध कराई गई।समाज कल्याण विभाग द्वारा 6 बृद्धावस्था के तथा 3 विधवा पेंशन के फॉर्म भरे गए, 4 महिला स्वयं सहायता समूहों के द्वारा स्टाल के माध्यम से महिला उत्पादों की बिक्री की गई।शिविर में निवर्तमान मेयर डा. जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला, निवर्तमान पार्षद नीमा भट्ट, राजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र मोहन सिंह आदि के साथ ही नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा, तुषार सैनी के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# डीएम ने की रूद्रपुर और काशीपुर में ओवरहैड टैंक और नलकूप निर्माण कार्यों की समीक्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में वाह्य सहायतित रूद्रपुर, काशीपुर पेयजल आपूर्ति परियोजना के अन्तर्गत प्रस्तावित ओवरहेड टैंक एवं




नलकूप निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना के अन्तर्गत प्रस्तावित अवरहेड टैंक एवं नलकूप निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता की जानकारी ली। परियोजना प्रबंधक यूयूएसडीए कुलदीप सिंह ने विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र की अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि रूद्रपुर में ओवरहेड टैंक के निर्माण के लिए 11 के सापेक्ष 9 ओवरहेड टैंक निर्माण हेतु चयनित भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गया है एवं 2 हेतु अभी लम्बित है, जबकि ट्यूबवेल निर्माण हेतु 29 के सापेक्ष 25 की अनापत्ति मिल गयी है व 4 हेतु लम्बित है। इसी प्रकार काशीपुर में ओवरहेड टैंक हेतु 10 के सापेक्ष 6 की अनापत्ति मिल गयी है व 4 हेतु लम्बित है। जबकि ट्यूबवेल निर्माण हेतु 27 के सापेक्ष 12 की अनापत्ति सम्बन्धित विभागों द्वारा मिल गयी है।जिलाधिकारी ने लम्बित अनापत्तियों हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे शीघ्र निरीक्षण करते हुए भूमि की उपलब्धता के अनुसार अनापत्ति प्रदान करें। उन्होने कहा कि भूमि चिन्हित करते समय यह सुनिश्चित कर ले कि इससे किसी अन्य कार्ययोजना में व्यवधान न आये।बैठक में ओसी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, परियोजना प्रबंधक यूयूएसडीए कुलदीप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्र, संयुक्त आईटीआई विभाग अनिल कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार रूद्रपुर दिनेश कुटौला, काशीपुर पंकज चन्दोला आदि उपस्थित थे।

# सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती ने पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबंधक से की रेल सेवा विस्तार की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल के सेवित क्षेत्रों के संसद सदस्यों एवं सांसद प्रतिनिधियों के साथ महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर ने बैठक आयोजित की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर सुश्री रेखा यादव, पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मंडल के शाखा अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट के प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती ने प्रतिभाग करते हुए नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र में रेलवे से संबंधित कई मामलों को उठाते हुए जल्द मामले में कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर महाप्रबंधक समेत तमाम अधिकारियों ने जल्द आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। श्री खाती ने लालकुआं से सितारगंज के बीच रेल यातायात बनाते हुए सितारगंज को रेल लाइन से जोड़ने का प्रस्ताव, काशीपुर से धामपुर रेलवे लाइन बिछाने का मामला उठाया गया। इसके अलावा पूरे संसदीय क्षेत्र के अंडर बाईपास के निर्माण की समीक्षा को लेकर बैठक में प्रश्न पूछा गया। साथ ही लालकुआं बिंदुखत्ता क्षेत्र के घोड़ानाला अंडर बाईपास में अत्यधिक जल भराव के चलते उसके सुधार कार्य का प्रश्न उठाया गया। लालकुआं से अयोध्या और वाराणसी की ट्रेन को लेकर भी डिवीजनल कमेटी में मांग की



गई, इसके अलावा हल्द्वानी से काशी विश्वनाथ के लिए रेल सेवा तथा काठगोदाम से माउंट आबू और अहमदाबाद ट्रेन शुरू करने के संबंध में जानकारी ली गई, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लालकुआं और काठगोदाम सहित अन्य स्टेशनों के निर्माण कार्य के तहत उनकी प्रगति के बारे में भी बैठक में चर्चा हुई, इसके साथ ही लालकुआं स्टेशन में पुरानी पार्किंग को खोले जाने को लेकर भी डिविजनल बैठक में चर्चा की गई।

# सेमीफाईनल में होली चाईल्ड व जेसीज स्कूल ने जीते मैच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।होली चाइल्ड स्कूल के क्रिकेट मैदान में अनिल कुम्बले द्वारा संचालित टेन्विक स्पोर्टस के सहयोग से चल रहे द्वितीय सीडी बत्रा मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन पहले सेमीफाइनल मैच होली चाइल्ड स्कूल, बिलासपुर व स्टोनरिज इण्टरनेशनल स्कूल, रूद्रपुर के बीच हुआ। जिसमें स्टोनरिज ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। होली चाइल्ड ने निर्धारित 15 ओवर में 10 विकेट पर 144 रन बनाए, इसके जवाब में स्टोनरिज स्कूल की पूरी टीम 12.4 ओवर में 81 रन बनाकर ऑलआउट हो गई इस प्रकार होली चाइल्ड ने 43 रनों से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। होली चाइल्ड के लक्ष्य सिंह ने 3 ओवर में 12 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए उन्हें मैन ऑफ मैच घोषित किया गया।इस प्रतियोगिता का दूसरा सेमी फाइनल मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर व जेसीज पब्लिक स्कूल, रूद्रपुर के बीच हुआ। जिसमें जेसीज पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। दिल्ली पब्लिक स्कूल की पूरी टीम ने 12.3 ओवर में 80 रन बनाए इसके जवाब में जेसीज ने 11 ओवर में 81 रन बनाकर फाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस





चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, टूर्नामेंट के व्यवस्थापक सुधाकर सिंह (एच.ओ.डी.-फिजिकल एजूकेशन), टेन्विक स्पोर्ट्स के क्षेत्रीय अधिकारी श्री कपिल कुमार तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने विजेता क्रिकेट टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बाल विकास एवं मूल्यांकन पर कार्यशाला आयोजित

पंतनगर(उद संवाददाता)। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के मानव विकास और पारिवारिक अध्ययन विभाग में 'बाल विकास एवं मूल्यांकन' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यवाहक अधिष्ठात्री डा. अदिति वत्स एवं कार्यवाहक विभागाध्यक्ष डा. ऋतु सिंह व महा विद्यालय के मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग के पूर्व छात्र एवं आईसीआई से मान्यता प्राप्त मनोवैज्ञानिक(क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट) दीपक बोहरा ने किया। कार्यशाला के दौरान दीपक बोहरा ने मनोवैज्ञानिक तरीकों से बाल विकास एवं मूल्यांकन सूचकांकों को कैसे इस्तेमाल कैसे किया जाता है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यवाहक अधिष्ठात्री डा. अदिति वत्स ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभाग के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण, भविष्य में बाल विकास अनुशासन को आजीविका में प्रयोग करना तथा पूर्व छात्र व वर्तमान छात्रों के बीच संबंध स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कार्यशाला को सफल बनाने में अंकिता, सुकृति, निष्ठा, अखिला, इकरा, सुरभि, खुशी तथा इशिता सहित विभाग के कार्मिकों का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला के दौरान स्नातक तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।



# विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिले भर के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ के पांचवे दिन विभिन्न विकास खण्डों से विजेता प्रतिभागियों द्वारा अण्डर-17 बालक वर्ग में खो-खो, वॉलीबाल, मुर्गाझपट, टेबिल टेनिस, हॉकी एवं अण्डर-23 बालक वर्ग में वालीबॉल, बैडमिन्टन, बॉस्केटबॉल एवं कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के समस्त विकास खण्डों से आये प्रतिभागियों ने जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। अण्डर-17 बालक वर्ग वालीबॉल प्रतियोगिता में खटीमा ने काशीपुर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। काशीपुर द्वितीय स्थान पर रहा एवं रूद्रपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हॉकी में रूद्रपुर ने काशीपुर को 3-0 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। काशीपुर द्वितीय स्थान पर रहा। खो-खो में खटीमा ने गदरपुर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गदरपुर द्वितीय स्थान पर रहा एवं रूद्रपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में गदरपुर ने खटीमा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। खटीमा द्वितीय स्थान पर रहा एवं रूद्रपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टेबिल टेनिस के सिगन्स में प्रथम-नितिश शर्मा रूद्रपुर एवं द्वितीय-गौरव सितारगंज, और तृतीय- प्रियांशु यादव जसपुर रहे। डबल्स में प्रथम-पार्थ सिंह एवं आरव अरोरा ,द्वितीय-अनुज शर्मा एवं अनमोल अनेजा,तृतीय-संचित मलिक एवं नीरज भट्ट रहे। अण्डर-23 बालक वर्ग की टेबिल टेनिस सिगन्स में प्रथम-मनीष हाल्दार गदरपुर, द्वितीय-मौ0 आरिश काशीपुर,तृतीय गोकेश जोशी सितारगंज रहे। जबकि डबल्स में करन सिंह एवं अनुराग सक्सेना रूद्रपुर प्रथम, आलोक प्रसाद एवं सरवन काशीपुर द्वितीय रहे। पुरूस्कार वितरण नगर निगम, रूद्रपुर एवं जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी के द्वारा किया गया। मंच का संचालन संजीव बुधौरी ने किया। इस अवसर पर निर्णायक लक्ष्मण सिंह टाकुली, राजेन्द्र सिंह भाकुनी, दिनेश कुमार सिंह,दीप पन्त,अशोक चौहान,रविन्द्र बिष्ट आदि थे एवं इस अवसर पर इमरान खान, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, खटीमा, विक्रान्त चौधारी क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0र0द0 अधिकारी, काशीपुर, अखिलेश मण्डल द्धतकनीकी समितिऋ, हनुमान सिंह भण्डारी व्यायाम प्रशिक्षक,राजेन्द्र लाल वर्मा कार्यालय सहायक, सुरेश आर्या कम्प्यूटर ऑपरेटर, केवल सिंह पी0आर0डी0 स्वंयसेवक राजेश, कमलेश, रविन्द्र प्रसाद, बसन्त सिंह, लाल बहादुर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भूपेन्द्र सिंह रावत, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी, ऊधाम सिंह नगर द्वारा सभी खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।








# एक क्लिक पर सामने होगी जिले के विकास की पूरी कार्ययोजना



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अब एक क्लिक पर जिले के विकास की पूरी कार्ययोजना सामने होगी। विकास से संबंधित समस्त तरह की जानकारी भी मिल सकेगी। पीएम गतिशक्ति डिस्ट्रिक्ट मास्टर प्लान को लागू किए जाने को लेकर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से उप सचिव डीपीआईआईटी, नई दिल्ली रमेश कुमार वर्मा ने जानकारी ली। उन्होने बताया कि देश के 27 आकांक्षी जनपदो में योजना के तहत डिस्ट्रिक्ट मास्टर प्लान हेतु ऊधमसिंह नगर का भी चयन हुआ है।उप सचिव रमेश कुमार वर्मा ने ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क एवं पुल, पेयजल, सिंचाई, विद्युत, शहरी विकास, पर्यटन, नगर विकास, नियोजन, परिवहन, कृषि, उद्यान सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक ली। उन्होंने बताया कि पीएम गतिशक्ति योजना के तहत प्रदेश के ऊधमसिंह नगर का भी चयन किया गया है। इसके तहत पोर्टल बनाया गया है। उन्होने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से जिले में सड़क, पुल, नहरें, नदियां, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, आंगनबाड़ी, वन, पेयजल, सिवरेज, आदि के विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्लानिंग सुगमता से हो सकेगी, परियोजना के क्रियान्वयन में समय एवं संसाधन की बचत होगी, तथा योजना की डुपलिकेसी को भी रोका जा सकेगा। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप जनपद लेबल की सभी प्लानिंग इस पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। उप सचिव द्वारा पहले स्तर की प्लानिंग की ट्रेनिंग भी दी गयी।उप सचिव श्री वर्मा ने बताया कि भविष्य में जिले के विकास के लिए यदि कोई कार्ययोजना तैयार की जानी है तो इस पोर्टल के माध्यम से जानकारी प्राप्त हो सकेगी कि किस क्षेत्र में विकास की कार्ययोजना तैयार किया जाना प्रासंगिक होगा। उप सचिव द्वारा पीपीटी के माध्यम से जिला प्रबंध प्लान (पीएमजीएसडीएमपी) पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई है।बैठक में परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण हिमांशु जोशी, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, अधिशासी अभियन्ता सिंचाइ पी0सी0 पाण्डे, लघु सिंचाई सुशील कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी के0एस0 रावत, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, आदि अधिकारी मौजूद रहे

# अवैध रूप से चल रहा नर्सिंग होम सील,महिला चिकित्सक हिरासत में

जसपुर(उद संवाददाता)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक व तहसीलदार ने पुलिस टीम के साथ लक्ष्मीपुरा खेड़ा रोड पर दो दुकानों में बिना नाम के चल रहे नर्सिंग होम पर छापेमारी की। नर्सिंग होम में बाहर से ताला लगाकर अंदर महिला चिकित्सक द्वारा किसी महिला का गर्भपात किया जा रहा था जिस पर संयुक्त टीम ने तालाबंद चिकित्सालय का ताला तोड़कर शटर उठाया तो नर्सिंग होम में महिला चिकित्सक समेत महिलाएं नर्सिंग होम के अंदर मिली। नर्सिंग होम में गर्भपात से जुड़े औजार और मशीन भी बरामद हुई जिसमें एक महिला का गर्भपात किया जा रहा था । स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक धीरेंद्र मोहन गहलोत ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जसपुर नगर में जसपुर तहसीलदार शुभागनी व कोतवाल जगदीश ढकरियाल ने संयुक्त रूप से खेड़ा रोड पर अवैध नर्सिंग होम पर छापा मारा ।गहलोत ने बताया कि सपना नामक महिला डाक्टर द्वारा नर्सिंगहोम चलाया जा रहा था। बन्द नर्सिंग होम में महिला चिकित्सक द्वारा महिला का गर्भपात किया जा रहा था। गर्भपात की मशीन औजार भी ओटी में मिले साथ ही नर्सिंग होम में डिलीवरी से जुड़ी दवाइयां इंजेक्शन भी बरामद किए गए जिन्हें सील करने के साथ नर्सिंग होम को भी सील कर दिया। नर्सिंग होम में गर्भपात कराए जाने के आप की जांच की जा रही है। जांच के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी । वहां मिले रोगियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर दिया गया है। आरोपी महिला चिकित्सक को जसपुर कोतवाली पुलिस के सपुर्द किया गया।

# एसएसपी ने जवानों को फिट रहने के लिए किया प्रेरित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जवानों को शारीरिक व मानसिक रुप से चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जवानों की परेड में स्वयं भी जवानों संग दौड़ लगाकर अच्छी फिटनेस के लिये प्रेरित किया। इस दौरान जवानों को दौड़



के साथ ड्रिल, शस्त्राभ्यास, स्क्वाड ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया। इससे पूर्व एसएसपी ने परेड का निरीक्षण किया ।तत्पश्चात पुलिस बल के साथ स्वयं भी दौड़ लगाकर अच्छी फिटनेस के लिये प्रेरित किया । परेड के दौरान दौड़,तेज चाल से मंच से गुजरना,ड्रिल, शस्त्राभ्यास, स्क्वाड ड्रिल आदि का अभ्यास कराया गया।

# होली चाइल्ड स्कूल में फ्रेंच भाषा कार्यशाला का आयोजन

रूद्रपुर।होली चाइल्ड स्कूल में कक्षा 3 से 6 के छात्रों के लिए फ्रेंच भाषा पर एक रोचक और ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे,महेंद्र विक्रम शाह और प्रशासनिक अधिकारी तुषार कुमार के प्रयासों से आयोजित हुआ। इस कार्यशाला का मार्गदर्शन फ्रेंच भाषा के विशेषज्ञ महमदी कबोरे ने किया। उन्होंने बच्चों को फ्रेंच ध्वन्यात्मकता, भाषा और संस्कृति की दुनिया से परिचित कराया। यह कार्यशाला जस्ट फ्रैंचेट जो कि फ्रेंच भाषा शिक्षा का एक प्रमुख संस्थान है, के सहयोग से आयोजित की गई थी। श्री कबोरे ने कार्यशाला के दौरान बच्चों को फ्रेंच उच्चारण, भाषा के मूल तत्वों और इसके सांस्कृतिक पहलुओं से अवगत कराया।बच्चों ने फ्रेंच शब्दों का सही उच्चारण करने की कोशिश की और धीरे-धीरे भाषा के मधुर लहजे में रमने लगे। इसके बाद, बच्चों को फ्रेंच संस्कृति के बारे में भी जानकारी मिली, जिसने उनकी सोच और कल्पना को और विस्तृत किया। इस सत्र का सबसे रोमांचक हिस्सा था फ्रेंच गीतों और कविताओं का सामूहिक उच्चारण। बच्चे पूरी उत्सुकता और जोश के साथ इन गीतों में सुर और ताल मिलाने लगे, जिससे सत्र न केवल शैक्षिक बल्कि बेहद मनोरंजक भी बन गया। कार्यशाला के अंत तक, बच्चों में फ्रेंच भाषा और संस्कृति के प्रति एक नया उत्साह और रुचि जागृत हो चुकी थी। यह सत्र उनके लिए न केवल भाषा कौशल बढ़ाने का अवसर था, बल्कि एक नई संस्कृति और भाषा को जानने का भी अनमोल अनुभव था। प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे बताया कि होली चाइल्ड स्कूल ने अपने छात्रों के लिए एक नई दुनिया खोली है, जिससे वे भविष्य में आगे बढ़कर अंर्तराष्ट्रीय स्तर परपहचान बना सकते हैं।





# गोल्ज्यू सन्देश यात्रा का हुआ पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अपनी धरोहर संस्था द्वारा आयोजित श्री गोल्ज्यू सन्देश यात्रा के गया दिवस यहां पहुंचने पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हीरानगर स्थित गोल्ज्यू मंदिर में पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। मुख्य पुरोहित बसंत पांडेय और महंत जागेंद्र नाथ, संस्था अध्यक्ष विजय भट्ट द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना एवं जागर लगाई गई। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेते हुए गोल्ज्यू का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात् मातृ शक्ति द्वारा कलश यात्रा और सन्देश यात्रा को शोभायात्रा के रूप में नगर में निकालते हुए रामलीला मैदान में समापन किया गया। यात्रा घोड़ाखाल गोल्ज्यू मंदिर पहुंचेगी 21 दिवसीय यात्रा का हल्द्वानी 19 वां पड़ाव है और 24 नवम्बर को चम्पावत उत्तराखंड के मंदिर में यात्रा का समापन होगा। संस्था के अध्यक्ष विजय भट्ट ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाना है और यह यात्रा चम्पावत से प्रारम्भ होकर टनकपुर, रुद्रपुर, हरिद्वार, उत्तरकाशी, चम्बा, श्रीनगर गढ़वाल, मुनस्यारी, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा होते हुये हल्द्वानी पहुंची है और कल 24 नवम्बर को चम्पावत गोल्ज्यू मंदिर में ही यात्रा का समापन होगा।नगर यात्रा संयोजक लवी चिलवाल ने यात्रा में शामिल सभी गोल्ज्यू भक्तों और नगर के सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त किया। यात्रा में एनबी गुणवंत, लवी चिलवाल, योगेश जोशी, भुवन भाष्कर पांडेय, डीके पांडेय, एलडी पांडेय, डीके बल्यूटिया, नवीन वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, प्रमोद तोलिया, भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष राशि जैन, कृष्ण चंद्र बेलवाल, मिडिया प्रभारी रवि दुर्गापाल, सुनीता जोशी, लता बोरा, शांति जीना,गीता भावना पांडेय सहित अनेकों स्थानीय लोग मौजूद रहे।



# विधायक ने किया गन्ना सेंटर का शुभारम्भ

लालकुआं(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट ने ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी करते हुए संजय नगर प्रथम बिंदुखत्ता में गन्ना सेंटर का शुभारंभ किया। शुक्रवार को यहां संजय नगर प्रथम सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं ,उन्होंने कहा किसानों की आय दुगनी करने का जो लक्ष्य रखा गया है ,हमारी सरकार उसे पूरा करने की ओर हर संभव प्रयासरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया, प्रबंधक ऋषि पाल सिंह, गन्ना निरीक्षक उमेश चंद तिवारी, दीपक कुमार, मंडल अध्यक्ष जगदीश चंद्र पंत, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मनीष बोरा, रमेश कुनियाल वरिष्ठ समाजसेवी मनोहर सिंह मेहरा, गोविंद मेहरा,देवेंद्र सिंह मेहता धर्मेंद्र सिंह मेहता ,चंदन सिंह मेहरा समेत तमाम क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सोशल मीडिया प्रतिबंधित

आस्ट्रेलिया ने सोशल मीडिया की बुरी लत से सोलह साल से कम उम्र के बच्चों को बचाने के लिए एक बड़ी पहल की है। वहां की संसद में पेश इससे संबंधित विधेयक पारित हो गया तो बच्चे सोशल मीडिया पर प्रतिबंधित हो जाएंगे। नियमों को तोड़ने पर सोशल मीडिया के मंचों को भारी जुर्माना देना होगा। इससे पहले फ्रांस, ब्रिटेन, स्वीडन और चीन जैसे देश इस तरह के कदम उठा चुके हैं। इसके समांतर आस्ट्रेलिया का भी संदेश बड़ा है। नए कानून के मुताबिक सोशल मीडिया को आयु सीमा लागू करने के लिए जवाबदेह बनाया जाएगा। जाहिर है, वहां सोलह साल से कम उम्र के बच्चे अब सोशल मीडिया पर अपने खाते नहीं खोल पाएंगे। जो बच्चे अभी मंच पर मौजूद हैं, उन पर स्वत: रोक लग जाएगी। इसमें उनके अभिभावकों की भी सहमति मान्य नहीं होगी। पढ़ाई-लिखाई से लेकर बहुत सारी जरूरत की गतिविधियों के लिए आनलाइन माध्यमों पर बढ़ती निर्भरता के दौर में बच्चों और किशोरों को स्मार्टफोन से दूर रखना या उसका सीमित इस्तेमाल एक चुनौती होगी। मगर भविष्य की पीढ़ियों के हित में कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत वक्त का तकाजा है। दुनिया भर के देशों में मोबाइल फोन की लत आज ज्यादातर लोगों के जीवन का हिस्सा बन गया है और इसमें बच्चे या किशोर अपवाद नहीं हैं। जरूरत या सुविधा के नाम पर जिन बच्चों को स्मार्टफोन मिला हुआ है, वे सोते-जागते, हर समय उसमें गुम रहते हैं। सोशल मीडिया के मंचों पर यह आदत थोड़ी और बेकाबू हो जाती है। बहुत सारे बच्चे अनायास ही ऐसी सामग्रियां देखने लगते हैं, जो मादक पदार्थों के सेवन, हिंसा, खुदकुशी, खानपान संबंधी बुरी आदतों को बढ़ावा देती हैं। जब अभिभावक उन्हें इस सबसे दूर रहने को कहते हैं, तो बच्चे चिड़चिड़े हो जाते हैं और कई बार उनकी प्रतिक्रिया सहज नहीं रह पाती। चिंता की बात यह है कि वीडियो गेम और रील देख कर बच्चे वयस्क हो रहे हैं। उनमें अकेले रहने और हिंसक होने की प्रवृत्ति बढ़ी है। उनकी नींद गायब हो रही है। इससे उनके स्वास्थ्य पर भी असर पड़ा है। पढ़ाई से अधिक स्मार्टफोन पर वक्त गुजारने से वे खेल गतिविधियों से भी दूर हो गए हैं।

# खिलाड़ियों के आवास और भोजन भत्ते समेत कोच और सहायक कोच का मानदेय बढ़ाया

देहरादून(उद संवाददाता)। 38वें राष्ट्रीय खेलों के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों को आवास के लिए 150 रुपये की जगह 850 रुपये प्रतिदिन भत्ता मिलेगा। इसी तरह पूरे दिन के भोजन के भत्ते को 250 रुपये से बढ़ाकर 480 रुपये किया गया है। इसके अलावा प्रशिक्षक, हाई प्रफोर्मेंस निदेशक, हेड प्रशिक्षक, सहायक प्रशिक्षक, स्ट्रैंथ और कंडीशनिंग एक्सर्ट के मानदेय में भी संशोधन किया गया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा, खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित हो रहे हैं, लेकिन खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अन्य इंतजामों से संबंधित भत्तों में कमी महसूस की जा रही थी। इसके मद्देनजर खिलाड़ी, कोच और सहायक प्रशिक्षक, खेल मैदान में उपकरण, खिलाड़ियों का यात्रा भत्ता आदि के व्यय में सरकार की ओर से संशोधन किया गया है। संशोधित शासनादेश में सपोर्टिंग स्टाफ तैनात करने



के व्यय का भी प्रावधान किया है। फिजियो का 60 हजार रुपये प्रतिमाह भत्ता, मनोचिकित्सक के लिए 60 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। इसके अलावा पोषण विशेषज्ञ नियुक्त होंगे, उनके लिए भी 60 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय होगा। 40 हजार रुपये प्रतिमाह पर मसाजर भी नियुक्त किए जाएंगे। **खिलाड़ियों के लिए पहले और अब भत्ते :-** आवासीय व्यवस्था के तहत राशि को 150 से बढ़ा कर 800 रुपये प्रति खिलाड़ी व प्रशिक्षक किया गया है। भोजन भत्ता पहले 250 रुपये था। जिसे बढ़ाकर 480 रुपये किया गया है। स्पोर्ट्स किट, ट्रैक सूट, खेल किट, शूज, मौजे और कैंप के लिए पहले की तरह पांच हजार रुपये ही रखा गया है। उपकरण के लिए खेल सामग्री को 25 हजार से बढ़ाकर तीन लाख रुपये किया गया है। विविध व्यय जैसे (लेखन सामग्री, जलपान मैदान मार्किंग सामग्री, मैदान का अनुरक्षण) को 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 40 हजार रुपये किया गया है। यात्रा भत्ता 1500 से बढ़ाकर दो हजार रुपये किया गया है। हेड कोच का मानदेय 75 हजार से बढ़ाकर 1.25 लाख प्रतिमाह रुपये किया गया। सहायक प्रशिक्षक का मानदेय 40 हजार से बढ़ाकर 80 हजार रुपये किया गया। खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें और उनके सामने आर्थिक चुनौती न आए, इसको लेकर भत्तों में परिवर्तन किया गया है। खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षक से लेकर सहायक स्टाफ तक मुहैया रहेंगे।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मसूरी के 49 होटलों पर लगाया 8.30 करोड़ का जुर्माना

मसूरी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मसूरी के 49 होटल पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के लिए 8.30 करोड़ का जुर्माना लगाया है। पीसीबी ने इसका नोटिस भेजा है, जिसके बाद से हड़कंप मचा हुआ है। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ.पराग मधुकर धकाते ने बताया कि एयर और वाटर एक्ट के तहत होटल संचालकों को पीसीबी से एनओसी लेनी होती है। मसूरी में 34 होटल ऐसे थे, जिनके पास वर्ष 2019 से पहले एनओसी नहीं थी, जबकि 15 होटल ऐसे थे, जिनके पास एनओसी थी, लेकिन एनओसी के नवीनीकरण की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया गया था। एनजीटी ने जुर्माने का पुनर्निर्धारण करने का आदेश दिया था, इसी क्रम में संबंधित होटलों का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का पुनर्निर्धारण कर 8.30 करोड़ का जुर्माना लगाया है। नोटिस मिलने के एक माह के भीतर जुर्माना भरना होगा। नोटिस में कहा गया कि जिन होटल संचालकों ने पूर्व में क्षतिपूर्ति की धनराशि जमा की है, उसे समायोजित किया जाएगा। समय पर जुर्माना न भरने पर आगे की कार्रवाई होगी। वहीं, मसूरी होटल एसोसिएशन अजय भार्गव ने बताया कि पहले जुर्माना राशि 80 लाख रुपये थी, उसके बाद यूपीसीबी ने आठ करोड़ तीस लाख कर की है, कहा होटल एसोसिएशन विधिक राय लेकर अपने सदस्यों की मदद करेगी।

# सीएम ने पिथौरागढ़ में किया सुशासन पोर्टल का शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गत दिवस पिथौरागढ़ में जिला कार्यालय सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान विभागों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा बेस चिकित्सालय से उल्का मंदिर के लिए शॉर्टकट मार्ग बनाने की बात रखी गई। मुख्यमंत्री ने इसके लिए 15 दिन के भीतर डीपीआर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जनपद में निर्माणाधीन पार्किंग की समीक्षा के दौरान जाखनी तिराहा में मल्टी लेवल कार पार्किंग निर्माण की जानकारी लेते हुए कहा कि पार्किंग निर्माण कार्यों के अलावा जो भी विकास कार्य किए जा रहे हैं उन्हें तय समय सीमा में पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान धारचूला से तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग की प्रगति की जानकारी लेते हुए बीआरओ के अधिकारी एवं जिला प्रशासन को प्राथमिकता से कार्यों में गति लाने एवं अवशेष मुआवजा की धनराशि को आवंटित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आदि कैलाश के लिए संपर्क मार्ग की व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष आदि कैलाश आने वालों यात्रियों की संख्या तीस हजार से अधिक बढ़ी है, आगे भी बढ़ने की संभावना है। पीएमजीएसवाई की समीक्षा के दौरान अधिक लंबित कार्यों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े हर पात्र



व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जन समस्याओं का समाधान जिस स्तर पर हो सकता है, वहीं पर हो जाए। समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के विकास योजनाओं एवं समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ में प्रशासन द्वारा बनाए गए सुशासन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल का उद्देश्य जनपद में प्राप्त होने वाली नागरिक शिकायतों का निस्तारण करना है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रादेशिक सेना भर्ती में आए युवाओं को मुख्यमंत्री धामी ने स्वयं मैदान में जाकर भोजन कराया और उनके भोजन के इंतजामों को जांचा, स्थानीय व्यापारियों से धामी ने मुलाकात की और हाल-चाल जाना पूर्व सैनिक संगठन के लोगों से रास्ते में मिलकर मुलाकात की और उनके द्वारा भर्ती में आये युवाओं के लिए लंगर लगाए जाने की सराहना की।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक श्री हरीश धामी, श्री मयूख महर, श्री फकीर राम टम्टा, दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, ब्लॉक प्रमुख धारचूला धन सिंह धामी, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गिरी गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ दीपक सैनी के अलावा जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री डीडीहाट विधायक बिशन सिंह चुफाल के आवास पर पहुंचे और उनके पुत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सांसद अजय टम्टा, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, गंगोलीहाट के विधायक फकीर राम टम्टा, कपकोट के विधायक शेर सिंह गढ़िया आदि कार्यकर्ता थे।

## खनन कारोबारियों ने जताया आभार

किच्छा(उद संवाददाता)। क्षेत्र के तमाम खनन कारोबारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक ज्ञापन भेज कर खनन नीति के सरलीकरण किए जाने पर आभार व्यक्त किया है। उप जिलाधिकारी के माध्यम से भेजे गए आभार पत्र में कहा है कि खनन नीति के सरलीकरण से आम आदमी को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। यहां आज एक दर्जन से अधिक खनन कारोबारियों ने उप जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्र के कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में



कहा गया है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा खनन नीति को सरलीकृत किए जाने से जहां खनन कारोबारी को राहत मिली है वहीं क्षेत्र की आम जनता को रोजगार भी उपलब्ध हुआ है इस नीति से आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। पत्र में कहा गया है कि खनन निदेशक राजपाल लेघा द्वारा खनन नीति को सरलीकृत किए जाने में जो भूमिका निभाई है वह भी सराहनीय है इससे रोजगार के साथ-साथ खनन कारोबार के कार्य में आ रही बाधाओं एवं व्यापारिक स्तर पर हो समस्याओं से भी निजात मिलेगी। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सोनू बिष्ट शकील अहमद ज्ञान सिंह रौतेला डीके सिंह शरीफ संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी लापता हो गयी। परिजनों ने काफी ढूंढखोज की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। फूलसुंगी निवासी सत्यपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 नवंबर को उसकी 15 वर्षीय पुत्री पिंकी अपनी बड़ी बहन जो कि पास ही मकान में किराये पर रहती है की तबियत खराब होने की वजह से देखने के लिए गयी थी। उसके बाद वह बिना कुछ बताये घर से चली गयी। उसकी काफी खोजबीन की गयी परन्तु उसका कहीं पता नहीं चल सका पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## महिला फाइनेंस कर्मी व उसके पति ने प्रबंधक को धमकाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास क्षेत्र में स्थित बीएफसी फाईनेंस में कार्यरत एक महिला कर्मी व उसके पति द्वारा शाखा प्रबंधक से मारपीट कर उसको धमकाने का मामला सामने आया है। प्रबंधक ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करवा दिया है। दर्ज रपट में सूरज कुमार पुत्र ज्वाला प्रसाद हाल निवासी आवास विकास मानस पीजी मूल निवासी ग्राम मनकरी फत्तेगंज पश्चिमी जनपद बरेली उत्तर प्रदेश ने कहा है कि वह बीएफसी फाईनेंस की स्थानीय शाखा में ब्रान्च मेनेजर के पद पर कार्यरत है। 14 नवम्बर को शाखा में दो लड़कियो में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ है। जो कि शाखा में सेल्स डिपाटमेन्ट में काम करती है। उन्होंने दोनो लडकियो का अपने स्टाफ साथ मिलकर बीच बचाव करवाया। उसके बाद दोनो को समझाया साथ ही जब तक मामला शांत नही हो जाता आफिस आने के लिऐ दोनो को मना कर दिया। उसी को लेकर एक लड़की अनीता लोहानी अपने पति विजेन्द्र सिंह निवासी मेट्रोपोलोसिटी के साथ 16 नवम्बर को दोपहर आफिस में आई और उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगी। जब स्टाफ वाले आये तो उक्त अनीता लोहानी अपने पति विजेन्द्र सिंह के साथ जाते जाते जान से मारने की धमकी एंव झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर गई है। अनीता का पति विजेन्द्र सिंह धमकी देकर गया की शाखा से बाहर जहाँ मिला तो उठाकर ले जाउंगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग से काम कराने पर दुकान स्वामी के खिलाफ केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रम विभाग,चाइल्ड लाइन, एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग एवं एनजीओ आईएसडीद्वारा बाल श्रम के खिलाफ संयुक्त रूप से चलाये गये अभियान के दौरान ट्रांजिट कैम्प में एक दुकान पर बाल श्रमिक काम करता पाया गया। जिस पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी की ओर से दुकान स्वामी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पुलिस को दी तहरीर में बताया गया कि रुद्रपुर क्षेत्र में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एंव विनियमन) अधिनियम, 1986 यथा संशोधित अधिनियम, 2016 के अधीन बीते दिनों अभियान चलाया गया था। उक्त निरीक्षण के दौरान ट्राजिट कैम्प स्थित बजरंग आटो सर्विस पर एक बाल श्रमिक काम करता पाया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बजरंग ऑटो सर्विस के स्वामी मनीष पुत्र जयप्रकाश निवासी साहूकारा बिलासपुर रामपुर के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## नीलेश ने किया शक्तिफार्म का नाम रोशन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। क्षेत्र के टैगोर नगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक शिवदास मजूमदार के पुत्र निलेश मजूमदार उत्तराखंड लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित परिवहन निगम के अंतर्गत संभागीय निरीक्षक पद पर परीक्षा एवं साक्षात्कार में उत्तीर्ण होकर चयनित हो गए हैं ,एवं संभागीय निरीक्षक पद पर आसीन होने जा रहे हैं। नीलेश बचपन से ही होनहार रहे,पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद मे भी विशेष रुचि थी। इस कामयाबी का श्रेय नीलेश अपने माता पिता व गुरुजनो को देते है। निलेश के उपलब्धि पर उनके आवास पर बधाई देने वालो का ताँता लग गया। बधाई देने वालो मे विजन राय,पंकज राय, निर्मल सरकार, निवर्तमान चेयरमैन सुनील विश्वास,अशोक मण्डल,विश्वजीत हालदार,रवि मजूमदार,विनय विश्वास,सुवीर सरकार,अनुप सरकार आदि मौजूद थे।



## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हर्षित प्रथम

गदरपुर । खेल महाकुंभ के तहत रुद्रपुर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एस एस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मैडल प्राप्त किए। जिनमें हर्षित प्रथम ,आर्यन एवं



अभिनव द्वितीय तथा राजा तेजेश्वर ने तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया ।विद्यालय के चैयरमैन डी0पी0सिंह एवं सचिव अभिषेक प्रताप सिंह ने दोनों छात्रों को आशीर्वाद दिया ।प्रधानाचार्य स. परविंदर सिंह ने पी0टी0आई0 श्री हिमांशु जोशी एवं अमित कुमार को बधाई दी और छात्रों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की।

# आशा नौटियाल ने लहराया जीत का परचम

## केदारनाथ विधानसभा चुनाव में चौथी बार भाजपा ने जीता सियासी रण ,2027 की राह भी तय करेगा उपचुनाव का परिणाम

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में एक फिर भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने 5623 वोटों जीत का परचम लहरा दिया है। इस सीट पर छह प्रत्याशी मैदान में थे लेकिन कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही थी। हांलाकि कांग्रेस उम्मीदवार मनोज रावत 18191 वोट हासिल कर एक बार फिर जीत की बाजी मारने में पिछड़ गये जबकि निर्दलीय प्रत्याशी त्रिभूवन चौहान ने उपचुनाव में बड़ा उलटफेर कर दिया। वह तीसरे नंबर पर 9 हजार से अधिक मत हासिलकरने में सफल रहे। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव का परिणाम भाजपा और कांग्रेस की 2027 की राह भी तय करेगा। साथ ही दोनों के प्रत्याशियों के राजनीतिक जीवन के लिए भी यह उपचुनाव परिणाम अहम है। राज्य बनने के बाद हुए विस चुनाव में अभी तक केदारनाथ विस चुनाव में तीन बार भाजपा और दो बार कांग्रेस को जीत मिली है। बीते दो विस चुनाव में निर्दलीय ने दोनों दलों के पसीने छुड़ाए थे। पहले विस चुनाव से लेकर बीते चुनाव तक केदारनाथ विधानसभा में राजनीतिक रूप से भाजपा और कांग्रेस का ही दबदबा देखने को मिला है। यहां पहले व दूसरे विस चुनाव में भाजपा से आशा नौटियाल विधायक चुनी गईं। वर्ष 2012 में कांग्रेस ने पहली बार जीत दर्ज करने के साथ अपने वोट बैंक में सुधार किया। तब शैलारानी रावत ने आशा नौटियाल को पराजित किया। वर्ष 2017 में यहां भाजपा को हार का सामान करना पड़ा और पार्टी चौथे स्थान पर रही। तब भाजपा ने शैलारानी रावत पर दांव खेला, जिससे आशा नौटियाल बागी होकर निर्दलीय मैदान में उतरी। लेकिन दोनों महिला उम्मीदवार हार गईं और कांग्रेस के मनोज रावत विधायक चुने गए। वर्ष 2022 में कांग्रेस तीसरे स्थान पर खिसक गई। भाजपा की शैलारानी रावत निर्दलीय कुलदीप रावत को पराजित कर दूसरी बार विधायक चुनी गई। इस वर्ष शैलारानी रावत के निधन के बाद केदारनाथ विस में उपचुनाव हो रहा है। केदारनाथ विधानसभा सीट पर अब तक चार बार महिला विधायक चुन कर आई हैं। सबसे पहले वर्ष 2002 में विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से आशा नौटियाल विजयी रही। जबकि वर्ष 2007 में भी आशा नौटियाल दुबारा चुन कर आई। वहीं वर्ष 2012 में आशा नौटियाल को हार का मुंह देखना पड़ा लेकिन इस बार कांग्रेस प्रत्याशी शैला



रानी रावत चुनाव जीत गई। महिला को जिताने का सिलसिला बना रहा। वर्ष 2022 में एक बार फिर से शैलारानी महिला विधायक के रूप में जीत दर्ज करने में सफल रही। वहीं इस बार फिर से भाजपा की ओर से महिला प्रत्याशी के रूप में आशा नौटियाल चुनावों में भाग्य अजमा रही है। उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने आशा नौटियाल, कांग्रेस ने मनोज रावत और उत्तराखंड क्रांति दल ने डा. आशुतोष भंडारी को मैदान में उतारा है। तीन अन्य उम्मीदवार आरपी सिंह, त्रिभुवन सिंह चौहान और प्रदीप रोशन रुड़िया निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। केदारनाथ विधानसभा सीट पर अब तक चार बार महिला विधायक चुन कर आई हैं। सबसे पहले वर्ष 2002 में विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से आशा नौटियाल विजयी रही। जबकि वर्ष 2007 में भी आशा नौटियाल दुबारा चुन कर आई। वहीं वर्ष 2012 में आशा नौटियाल को हार का मुंह देखना पड़ा लेकिन इस बार कांग्रेस प्रत्याशी शैला रानी रावत चुनाव जीत गई। महिला को जिताने का सिलसिला बना रहा। वर्ष 2022 में एक बार फिर से शैलारानी महिला विधायक के रूप में जीत दर्ज करने में सफल रही। वहीं इस बार फिर से भाजपा की ओर से महिला प्रत्याशी के रूप में आशा नौटियाल चुनावों में भाग्य अजमा रही है। उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने आशा नौटियाल, कांग्रेस ने मनोज रावत और उत्तराखंड क्रांति दल ने डा. आशुतोष भंडारी को मैदान में उतारा है। तीन अन्य उम्मीदवार आरपी सिंह, त्रिभुवन सिंह चौहान और प्रदीप रोशन रुड़िया निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। बता दें कि गत 20 नवम्बर को केदारनाथ विस के लिए उप चुनाव संपन्न हुए थे। निर्वाचन में कुल 58.89 प्रतिशत मतदान हुआ। केदारनाथ विधान सभा उप चुनाव में 53513 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें से सबसे अधिक 28345 महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। पोस्टल बैलेट के माध्यम से 712 कार्मिक, दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु बुजुर्गों ने अपने मत का प्रयोग किया। नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट राहुल चौबे ने बताया कि केदारनाथ विस उप चुनाव के लिए 90875 मतदाता पंजीकृत थे। जिनमें 45956 महिला तथा 44919 पुरुष मतदाता शामिल थे। जिनमें से कुल 53513 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 28345 महिला तथा 25168 पुरुष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बताया कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से 712 कार्मिक, दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। महिला मतदाताओं का प्रतिशत जहां 61.64 फीसदी रहा वहीं पुरूष मतदाताओं का प्रतिशत मात्र 55.65 प्रतिशत रहा। महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों की तुलना में 1037 अधिक है। कुल मिलाकर पुरूषों की अपेक्षा 3132 महिलाओं ने अधिक मतदान किया। 20 नवंबर को हुए मतदान में कुल 53 हजार 513 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। मतदान में भी महिलाओं ने पुरूषों को पीछे छोड़ते हुए इस बार बड़ी संख्या में मतदान किया। जिसमें 28 हजार 345 महिला मतदाता तथा 25 हजार 168 पुरुष मतदाता शामिल हैं।






## पेज एक का शेष...

**केदारनाथ में फिर...**चौहान तीसरे नंबर पर रहे। आशा नौटियाल की जीत से भाजपाईयों में खुशी की लहर दौड़ गयी। बता दें आशा नौटियाल, जो ऊखीमठ विकासखंड के दिलमी गांव की निवासी हैं, एक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पति रमेश नौटियाल पत्रकारिता से जुड़े रहे हैं। आशा नौटियाल ने वर्ष 2002 में उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक के रूप में जीत दर्ज की थी। तब वह भाजपा से प्रत्याशी थीं। इसके बाद, वर्ष 2007 में भी क्षेत्रीय जनता ने उन्हें अपना विधायक चुना। हालांकि, 2012 और 2017 के चुनावों में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा, लेकिन उनके संघर्ष और क्षेत्र में निरंतर जनसंपर्क ने उन्हें जनता के बीच मजबूत स्थिति दी। वर्ष 2017 में शैलारानी रावत के भाजपा में शामिल होने के बाद, आशा नौटियाल ने पार्टी से बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन वह तीसरे स्थान पर रही थीं। कुछ समय बाद आशा नौटियाल ने पार्टी में वापसी की और वर्ष 2022 में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष बनीं। इस बार उनका फोकस गांव-गांव संपर्क और पार्टी के सदस्यता अभियान में था, जिससे उनकी क्षेत्र में मजबूत पकड़ बनी रही। इस बार, भाजपा ने उन्हें एक बार फिर से चुनाव मैदान में उतारा, और उन्होंने शानदार जीत हासिल की।केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को मिली शानदार विजय पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथवासियों और भाजपा परिवार के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत समस्त कार्यकर्ताओं की निष्ठा, अथक परिश्रम और जनता जनार्दन का भाजपा की नीतियों पर अपार विश्वास का प्रतीक है। इस अभूतपूर्व सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से भाजपा प्रदेश में विकास, सुशासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए निरंतर कार्यरत है। सीएम धामी ने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल के प्रतिनिधित्व में हम सभी शैला दीदी के सपनों व आप सभी क्षेत्रवासियों की उम्मीदों के अनुरूप सशक्त और समृद्ध केदारनाथ विधानसभा के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। यह जीत विपक्ष की झूठी राजनीति और भ्रामक प्रचार के खिलाफ जनता के विवेक और सत्य की विजय भी है।

**उत्तराखंड में दी जायेगी...**ही चाहिए ,साथ ही साथ वन प्रभागों के भीतर विभिन्न रेंज के बीच 50 फीट की फायर लाइन भी जरूरी है। इसके अलावा विभिन्न बीट के बीच 30 फीट की फायर लाइन होने का नियम है, ताकि जंगलों की आग को फैलने से रोका जा सके । उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के गोधा बर्मन केस में जारी एक आदेश के अनुपालन में ,जंगल में 1 हजार मीटर से ऊंचाई के पेड़ काटने पर रोक लगा दी गई थी।जिसके चलते वर्ष 1996 से फायर लाइन के बीच में उगे पेड़ों को नहीं हटाया गया।अब यह पेड़ विशालकाय हो गए हैं और फायर लाइन पूरी तरह से जंगल में तब्दील हो गई है ।जिससे जंगल की आग को फैलने से रोकना काफी मुश्किल हो रहा था ,लेकिन 18 अप्रैल 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने फायर लाइन से संबंधित अपने पूर्व के निर्णय को बदल दिया है। नतीजतन प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) ने सुप्रीम कोर्ट के 18 अप्रैल 2023 के निर्णय का हवाला देते हुए सभी डीएफओ को फायर लाइन को साफ करने के निर्देश दे दिए हैं। फायर लाइन को साफ करने के क्रम में कुमाऊं में 1.5 लाख तथा गढ़वाल मंडल में 3.5 लाख पेड़ काटे जाएंगे । खबर है कि प्रमुख वन संरक्षक के आदेश के बाद वन अधिकारियों ने फायर लाइन में उगे पेड़ों का छपान भी शुरू कर दिया है । तराई पूर्वी वन प्रभाग के डीएफओ हिमांशु बागरी के अनुसार प्रमुख वन संरक्षक कार्यालय से फायर लाइन को साफ करने के निर्देश प्राप्त होने के बाद तराई पूर्वी वन प्रभाग में फायर लाइन में उगे पेड़ों का छपान कर दिया गया है और फायर सीजन शुरू होने से पहले फायर लाइन को पूरी तरह साफ कर, वनाग्नि को फैलने से रोकने के प्रबंध कर दिए जाएंगे।

**महाराष्ट्र में एनडीए...**ही देवेंद्र फडणवीस हो सकते हैं। उधर झारखण्ड में सभी 81 सीटों पर मतों की गणना हो रही है। झारखंड में 2 चरणों में 13 और 20 नवंबर को वोट डाले गए थे। पहले चरण में 66 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68 प्रतिशत मतदान हुए थे। मतदान के बाद सामने आए एग्जिट पोल के दावे बंटे हुए थे। हेमंत सोरेन सरकार की अगर झारखंड में वापसी होती है तो यह झारखंड के इतिहास में पहली बार होगा जब किसी गठबंधन सरकार की वापसी होगी।

**पीएम मोदी के ...**मुकाबला उनके और भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के बीच नहीं बल्कि 'धाम' और 'धामी' के बीच है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल समेत तमाम नेता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर हमलावर रहे। दूसरी तरफ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा के चुनाव अभियान का खुद नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने पहले ही दिन से केदारनाथ सहित पूरे चारधाम यात्रा मार्ग क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को जनता के सामने रखा। साथ ही प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं, युवाओं के लिए चलाई जा रही नीतियों को हाईलाइट किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद उन्होंने आगे आकर उपचुनाव तक खुद को केदारनाथ सीट का विधायक माना और क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 700 करोड़ की घोषणाएं कीं जिनके शासनादेश भी जारी हो चुके हैं। अपने कैम्पेन में धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के केदार प्रेम को सबसे आगे रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 में जलप्रलय से ध्वस्त हो चुकी केदारपुरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किस तरह संवारा और आज केदारनाथधाम नये स्वरूप में दिखाई दे रहा है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी की 7 बार केदारनाथ की यात्रा का जिक्र उन्होंने अपने हर भाषण में किया। भाजपा प्रदेश संगठन ने भी कंधे से कंधा मिलाकर मुख्यमंत्री धामी का पूरा साथ दिया। पार्टी ने कैबिनेट मंत्रियों समेत पार्टी के सभी विधायकों का चुनाव प्रचार में बखूबी उपयोग किया। उपचुनाव के नतीजे बताते हैं कि भाजपा कांग्रेस के निगेटिव नेरेटिव को तोड़ने में कामयाब रही।

**मा हंसेश्वरी भारती..**मंदिरों में ले जाया गया। जिसके पश्चात मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जहां उनके सुपुत्र सतनाम सिंह द्वारा मुखाग्नि दी गई। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों की आंखों से अश्रुधारा फूट पड़ी। अंतिम यात्रा में तुलसी धाम मलसा के पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास जी महाराज, मंदिर मनकामेश्वर के महंत स्वामी नारायण चैतन्य, दूधिया बाबा सन्यास आश्रम के महंत शिवानन्द जी महाराज, निष्ठानन्द बाईजी, महंत मनीष सलूजा, विधायक शिव अरोरा, किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा, पवन गाबा, अश्वनी बजाज, रमेश कालड़ा, राजकुमार खनीजो, प्रीत ग्रोवर, संजय ठुकराल, भारत भूषण चुघ, हरीश अरोरा, अनिल शर्मा, मीना शर्मा, सुशील गाबा, आशु गंभीर, राजकुमार सीकरी, संदीप धीर, जगमोहन अरोरा, दिलीप अधिकारी, तरूण दत्ता, अनुभव चौधरी, बिट्टू खुराना, संजय बांगा, अनिल बांगा, रवि चावला, मनोज चावला, विजय फुटेला, अशोक कालरा, रमेश राठौर आदि सैकड़ों नगर वासियों के साथ ही स्वर्ग फार्म से रजविन्दर कौर, बलवंत सिंह, हरबंस कौर, सतवंत सिंह आदि सैकड़ों लोंगों नं महामंडलेश्वर मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज को अश्रूपूर्ण नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

**चलती कार में ..**चालक को सुरक्षित बचा लिया गया है। थानाध्यक्ष दिलवर सिंह नेगी ने बताया कि देर रात एक कार में आग की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर दमकल विभाग और पुलिस टीम ने आग पर काबू पा लिया।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# निकाय चुनाव में आप पार्टी की 15 गारंटियां घोषित



गदरपुर(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी ने राज्य में निकाय चुनाव के लिए बिगुल फूंक दिया। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी गदरपुर के नगर अध्यक्ष शकील अहमद के कार्यालय पर बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने प्रेस वार्ता करते हुए निकाय चुनाव में पार्टी की सक्रिय भागीदारी का ऐलान करते हुए 15 चुनावी गारंटियां भी घोषित कर दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के देहरादून मुख्यालय पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियो ने इन 15 चुनावी गारंटीयों को जारी कर चुनाव में लागू करने की बात कही है इसके तहत निकायों की खाली जमीनों पर स्मार्ट स्कूल और मुफ्त शिक्षा, हर चार-पांच वार्ड के बीच एक मोहल्ला क्लीनिक की स्थापना, घर घर जाकर जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने और अस्थायी कर्मचारियों को परमानेंट करना प्रमुख है। अफसरों द्वारा कर्मचारियों से वसूली को बंद कराना भी आप की 15 गारंटियों में शामिल है। सुभाष व्यापारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने देश की राजनीति में गारंटी की परंपरा स्थापित की है। अब तक राजनीतिक दल घोषणा पत्र, संकल्पत्र आदि कहते आए थे। लेकिन आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनाव के दौरान गारंटी दी और उन्हें पूरा भी किया। दिल्ली और पंजाब इसका उदाहरण हैं। राज्य में होने वाले निकाय चुनाव में आप मजबूती के साथ शामिल होगी। 15 गारंटी योजना अभियान की शुरुआत उधम सिंह नगर जिले में गदरपुर शहर से शुरू कर दी गई है प्रेस वार्ता के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर के बीच जाकर व्यापारियों से मुलाकात की और 15 गारंटी योजनाओं के पंपलेट भी दुकानदारों को दिए और बताया कि निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत होती है तो वह इन 15 गारंटी योजनाओं को उत्तराखंड में लागू करेगी प्रदेश महामंत्री कुलवंत सिंह ने भी बताया कि निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी अगर अच्छा परफॉर्मेंस करती है तो दिल्ली की तर्ज पर शहरों में मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे और 15 चुनावी गारंटी योजनाओं में से एक-एक वायदे को पूरा किया जाएगा वहीं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष किरण पांडे ने कहा कि आम आदमी पार्टी में महिलाओं ने भी अपनी भागीदारी शुरू कर दी है और इस निकाय चुनाव में मजबूती के साथ आप पार्टी चुनाव लड़ेगी इस दौरान जनार्दन सिंह जिला अध्यक्ष, किरण पांडे जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा,सुशील भक्ति जिला अध्यक्ष बंगाली समाज मोर्चा, सुभाष माझी जिला सचिव बंगाली मोर्चा, पंकज राय,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 15 गारंटी से मिलेगा नगर वासियों को लाभः शकील



गदरपुर। आम आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष शकील अहमद के कार्यालय पर आप पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी के पहुंचने के बाद 15 गारंटी योजना का मेनिफेस्टो जारी किया और व्यापारियों को गारंटी योजना के बारे में समझाया शकील अहमद ने कहा कि आने वाले निकाय चुनाव में जाति धर्म से ऊपर उठाते हुए दिल्ली में आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल सरकार के काम को देखकर वोट दें उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में ईमानदारी से सरकार चलाकर पूरे देश में विकास का एक मॉडल प्रस्तुत किया है उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार के काम देखकर निकाय चुनाव में वोट दें और जो 15 गारंटी योजना का मेनिफेस्टो उत्तराखंड के लिए जारी हुआ है उसका लाभ भी सीधे-सीधे जनता को मिल सकेगें।

# पत्नी के प्रेमी ने तीन साथियों के साथ गला दबाकर की थी सुमित की हत्या

## पुलिस ने हत्याकांड में शामिल आरोपियों सहित पत्नी को किया गिरफ्तार





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर में नौ दिन से लापता ऑटो चालक सुमित (24) का शव पुलिस ने आज प्रीत विहार क्षेत्र में नदी किनारे स्थित गड्ढे से बरामद किया है।वहीं पुलिस ने सनसनीखेज हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। बताया कि चालक की हत्या उसकी पत्नी के प्रेमी ने तीन साथियों के साथ मिलकर गला दबाकर की थी। मृतक सुमित की पत्नी और प्रेमी के बीच अवैध संबंधों के आड़े आने पर हत्या की गई। शुक्रवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 16 नवंबर को रेनू ने अपने पति के गायब हो जाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसकी जांच प्रभारी चौकी रंपुरा गणेश भट्ट के सुपुर्द की गई। गुमशुदा सुमित की खोजबीन के लिए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया। संदिग्धों से पूछताछ की गई और सर्विलांस की मदद ली गई। जिसके आधार पर संदिग्ध गणेश पुत्र पूरन निवासी रंपुरा थाना रुद्रपुर से पूछताछ की गई। लेकिन गणेश लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सख्ती से पूछताछ की गई तो गणेश पुलिस की सख्ती से टूट गया और उसने जुर्म कबूल लिया। उसने बताया कि सुमित की पत्नी रेनू के प्यार में पड़कर रेनू के कहने पर उसने अपने साथियों वंश, दीपक, शिवम और गोविन्दा के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने सुमित की गला दबाकर हत्या की बाद में शव प्रीत विहार से आगे कल्याणी नदी के पास खेत में गड्ढा खोदकर दबा दिया। पुलिस ने वंश, दीपक और सुमित की पत्नी रेनू से विस्तृत पूछताछ की। सभी ने अपने अपराध को स्वीकारा है। परिजनों के मुताबिक मृतक का एक पांच साल का बेटा है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

# स्टार्ट इंस्टीट्यूट के छात्र ने लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जन कल्याण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टिट्यूट के छात्र देवांश अग्रवाल ने स्पेशल ओलंपिक एशिया पेसिफिक बोके बॉल प्रतियोगिता 2024 में एक सिल्वर व एक कांस्य पदक हासिल किया है। संस्थान की डायरेक्टर डॉ माधवी अवस्थी ने बताया कि यह संस्थान के लिए ही नहीं अपितु भारतवर्ष, उत्तराखंड राज्य व उधम सिंह नगर के लिए बड़े हर्ष का विषय है। उन्होंने देवांश अग्रवाल व कोच पुष्पा त्रिपाठी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है और संस्थान के सभी कार्यकर्ता अभिभावकों व बच्चों की ओर से देवांश अग्रवाल व कोच पुष्पा त्रिपाठी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि भविष्य में आगे भी ऐसे ही बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए और हर गेम के लिए उन्हें तैयार किया जाए जिससे कि वे विश्व स्तरीय गेम्स में अधिक से अधिक बच्चों को प्रतिभाग कराया जा सके।




# राष्ट्रीय पेंचक सिलाट में रूद्रपुर की खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर ए एन पब्लिक स्कूल डिबडिबा रूद्रपुर की बालिकाओं ने शेर ए इंडोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स श्रीनगर जम्मू कश्मीर में आयोजित 12वी सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता के टीम रेगु इवेंट में उत्तराखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए मिशिता राव , नंदनी देव, एवं आराध्या चौहान ने स्वर्ण पदक अर्जित कर देवभूमि उत्तराखंड का नाम रोशन किया। 16 से 21 नवंबर तक शेर इंडोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स श्रीनगर जम्मू कश्मीर में समस्त भारत से सभी राज्यों के करीब 1500 से अधिक पेंचक सिलाट खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया प्रदेश टीम के मुख्य कोच अंकित सिंह ने बताया कि तीनों विजेता खिलाड़ी पिछले 10 महीने से खेल का कड़ा अभ्यास कर रही थी। खिलाड़ियों की मेहनत रंग लाई और प्रदेश को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। पेंचक सिलाट संघ उत्तराखण्ड के महासचिव बबलू दिवाकर ने बताया समस्त उत्तराखण्ड प्रदेश के 75 से अधिक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें उत्तराखंड प्रदेश के खिलाड़ियों ने 23 स्वर्ण 10 रजत एवं 12 कांस्य पदक के साथ टोटल 45 पदक अर्जित किए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में श्रेष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल ओवर प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पिछले वर्ष के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए इस वर्ष इतिहासिक प्रदर्शन किया खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता मैं प्रतिभाग हेतु आर. ए. एन. स्कूल डिबडिबा रूद्रपुर के चेयरमैन श्री एच के राय डायरेक्टर श्री मोहित राय एडमिनिस्ट्रेटर श्रीमति निधि रहे प्रधानाचर्या श्रीमति ममता बिष्ट एवं समस्त विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को अपनी विजयी हेतु शुभकामनाएँ दी ।




